भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

* * *

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 130

(दिनांक 20.07.2023 को उत्तर के लिए)

केंद्र सरकार द्वारा भर्ती

130. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार केंद्रीय सरकार की सभी मौजूदा रिक्तियों को भरने की दिशा में कार्य कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्तमान वर्ष सहित विगत पांच वर्षों में सरकार द्वारा की गई भर्तियों की कुल संख्या का वर्ष-वार और मंत्रालय-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा की गई भर्तियों की कुल संख्या का वर्तमान वर्ष सहित वर्ष-वार, समूह-वार और अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों सहित श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) : सरकार ने सभी मंत्रालयों/विभागों को रिक्त पदों को समय पर भरने हेतु अनुदेश जारी किए हैं। ऐसी आशा है कि भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे रोजगार मेले सभी रिक्त पदों को भरने में उत्प्रेरक के रूप में काम करेंगे।

(ख) एवं (ग): दिनांक 01.04.2018 से 31.03.2023 तक यूपीएससी, एसएससी, आरआरबी द्वारा अनुसूचित जाति (अजा), अनुसूचित जनजाति (अजजा), अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव) सहित संस्तुत किए गए कुल उम्मीदवार 4,63,205 हैं। इसके अलावा एसएससी एवं आरआरबी ने 2023-24 की प्रथम तिमाही में 1,03,196 उम्मीदवारों को नियुक्ति हेतु संस्तुत किया है।

*****